तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 10 मार्च 2025



13 विकास को नई दिशा देने की सरपंच और पंचों ने...





12 सरस्वती शिशु मंदिर गोड़ा में विदाई समारोह






## भवानीपुर में आज 16 युगलों का सामूहिक विवाह, डिप्टी सीएम होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

तहसील साहू संघ पलारी, भवानीपुर दतान रोहांसी परिक्षेत्र एवं नगर साहू संघ पलारी के संयुक्त तत्वावधान में आज ग्राम भवानीपुर के हाईस्कूल के पीछे मैदान में आज सुबह 10 बजे से भव्य आदर्श विवाह समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें डिप्टी सीएम सहित विधायक, पूर्व मंत्री शामिल होंगे और 16 जोड़ों को आशीर्वाद देंगे।

तहसील साहू संघ अध्यक्ष रोहित साहू और परिक्षेत्र अध्यक्ष मनहरण साहू के नेतृत्व में कार्यक्रम को लेकर साहू समाज ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं।इस भव्य आयोजन के लिए मंच, पंडाल, भोजन व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया गया है। विवाह स्थल को आकर्षक तरीके से सजाया गया है और सभी आवश्यक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है।साहू समाज द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले इस सामूहिक विवाह को लेकर क्षेत्र में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। समाज के पदाधिकारी इस आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। सामूहिक विवाह की यह परंपरा समाज में सादगीपूर्ण और आदर्श विवाह को बढ़ावा देने का संदेश देती है। जिला साहू संघ मीडिया प्रभारी केशव साहू ने यह जानकारी दी है।

### भवानीपुर दतान रोहांसी परिक्षेत्र एवं नगर साहू संघ पलारी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन

#### सुरक्षा व्यवस्थाएं, प्रशासन मुस्तैद

इस वृहद कार्यक्रम में क्षेत्र के हजारों लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम स्थल पर शासन–प्रशासन मुस्तैद, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक स्तर पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस बल तैनात किया गया है, ताकि समारोह सुचारू रूप से संपन्न हो सके।



#### ये होंगे कार्यक्रम के अतिथि

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरूण साव उप मुख्यमंत्री छ.ग. शासन होंगे। प्रमुख अतिथि संदीप साहू विधायक कसडोल, ताम्रध्वज साहू पूर्व गृहमंत्री छ.ग. शासन होंगे। अध्यक्षता टहलसिंह साहू प्रदेश अध्यक्ष छ.ग. साहू संघ करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि मोतीलाल साहू विधायक रायपुर ग्रामीण होंगे। विशिष्ट अतिथि सुनील कुमार साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ ब.बा., रेवाराम साहू पूर्व अध्यक्ष जिला साहू संघ, धनंजय साहू पूर्व अध्यक्ष जिला साहू संघ, पवन साहू युवा अध्यक्ष छ.ग. प्रदेश साहू संघ, पुनीत राम साहू सलाहकार जिला साहू संघ, महेन्द्र मोनू साहू जिला पंचायत सदस्य बलौदाबाजार सहित अन्य तहसील अध्यक्ष एवं समाजसेवी होंगे।

### जिला न्यायालय बलौदाबाजार सहित भाटापारा, कसडोल एवं सिमगा में हुआ आयोजन

## नेशनल लोक अदालत में 24 हजार से अधिक प्रकरणों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के मार्गदर्शन में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अब्दुल जाहिद कुरैशी के नेतृत्व में लोक अदालत जिला न्यायालय बलौदाबाजार सहित भाटापारा, कसडोल एवं सिमगा में आयोजित की गई।

लोक अदालत का शुभारंभ जाहिद कुरैशी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर न्यायाधीशगण, अधिवक्ता, बैंक एवं विद्युत विभाग के अधिकारी, पैरालीगल वालंटियर्स तथा विभिन्न प्रकरणो के पक्षकार उपस्थित थे। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री कुरैशी ने लोक अदालत के खंडपीठ अधिकारियों से केस निपटारे की जानकारी लेते हुए अधिक से अधिक प्रकरणो के राजीनामें के आधार पर निराकरण हेतु प्रोत्साहित किया। प्रधान न्यायाधीश ने बैंक एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों को प्री–लिटिगेशन मामलो पर अधिक जोर देने और लंबित प्रकरणो में बकाया राशि में छूट व किश्तों में भुगतान की सुविधा देने का निर्देश दिया। श्री कुरैशी ने सभी पक्षकारो से राजीनामा के आधार पर मामलो के त्वरित समाधान के लिए प्रोत्साहित किया, जिससे समय एवं संसाधनो की बचत हो और न्याय प्रक्रिया सुगम बन सके।

### 1,800 न्यायालयीन प्रकरण, 15822 राजस्व न्यायालयीन प्रकरणों का निराकरण



#### लंबित मामलों के लिए बनाये गये थे 15 खंडपीठ

नेशनल लोक अदालत में कुल 24,952 मामलो का निराकरण किया गया। जिसमें 1,800 न्यायालयीन प्रकरण, 15822 राजस्व न्यायालयीन प्रकरण शामिल है। तेजी से मामलो के निपटारे के लिए अलग– अलग न्यायालयो में विशेष खंडपीठो का गठन किया गया था। इसमें जिला न्यायालय बलौदाबाजार में सात खंडपीठ, परिवार न्यायालय के एक खंडपीठ, भाटापारा में व्यवहार न्यायालय में तीन खंडपीठ, सिमगा एवं कसडोल व्यवहार न्यायालय में एक–एक खंडपीठ और राजस्व न्यायालय के लिए 15 विशेष खंडपीठ बनाए गए थे।

### भटगांव में राष्ट्रीय लोक अदालत ने कुल 335 मामलों का किया निराकरण



**भटगांव।** शनिवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ छ.ग.के अध्यक्ष मान. श्री जितेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में तालुका विधिक सेवा समिति भटगांव के अध्यक्ष श्री पुनीत राम गुरूपंच के द्वारा शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया तथा व्यवहार न्यायालय परिसर भटगांव में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन भी किया गया। जिसमें उपस्थित सभी सदस्यगणों को लोक अदालत एवं विधिक सहायता एवं विभिन्न नियमों एवं अधिनियमों के सम्बंध में विधिक जानकारी दिया गया।अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के लिए संविधान में विशेष अधिकार व प्रावधान निहित है। हिन्दू कोड बिल के तहत महिलाओं को अपने पिता व पति के सम्पत्ति में बराबर अधिकार है। शनिवार को व्यवहार न्यायालय भटगांव में आयोजित इस वर्ष के प्रथम नेशनल लोक अदालत में कुल 1221 लंबित प्रकरणों को सुनवाई हेतु रखा गया था जिसमें से कुल 335 लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया। प्रथम नेशनल लोक अदालत में भारतीय स्टेट बैंक, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण ▸▸ शेष पेज 12 पर

## बसंतपुर नाले पर पुल निर्माण की मांग सीएम ने की पूरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

■ बजट मे शामिल करने पर ग्रामीणों में उत्साह

वनांचल क्षेत्र चन्द्रनगर से शंकरनगर मार्ग पर स्थित बसन्तपुर नाला में पुल न होने के कारण वनांचल के लोंगो को आने जाने में आये दिन समस्यायों का सामना करना पड़ता है। स्कूली बच्चों को बरसात भर स्कूल से वंचित होना पड़ता था जिससे वनांचल के बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता में कमी आ रही थी, बीमार लोंगो का इलाज पुल न होने की वजह से समय पर नही हो पा रहा था, इन समस्याओं को दूर करने, हेतु मार्ग सुगम हो इस उद्देश्य से स्थानीय लोंगो के द्वारा पुल निर्माण की मांग वर्षों से की जा रही थी पर पूरा नही हो पा रहा था।

#### एक करोड़ सात लाख की राशि स्वीकृत

तुलसी कौशिक के विशेष सहयोग व सौजन्यता से समाज प्रमुख खोरबाहरा प्रसाद सिदार व उनकी टीम द्वारा सीधे मुख्यमंत्री निवास में जाकर मुलाकात करते हुए समस्या से अवगत कराते हुए मांग पत्र मुख्यमंत्री विष्णु देव साय छत्तीसगढ़ शासन को दिया गया था । सीएम साय ने समस्या की गम्भीरता को ध्यान में रखते हुए तुरन्त आश्वासन दियें । एक करोड़ सात लाख की राशि स्वीकृत कर नए बजट में मांग को पूरा करते हुए सम्मिलित किया गया है । अब क्षेत्र के लोंगो की सपना पूरी होगी । वर्षो की मांग पूरा ▸▸ शेष पेज 12 पर

### खबर संक्षेप

#### तीन लोगों ने की मारपीट, जुर्म दर्ज



**महासमुंद।** खेत को ट्रैक्टर से लेबल करा रहे एक किसान के साथ तीन लोगों ने मारपीट कर दी। मामला बसना थाना क्षेत्र के ग्राम नरसैयापल्लम का है। पुलिस ने बताया कि 8 मार्च को भोजराम पटेल खेत को जेसीबी एवं ट्रैक्टर से बराबर लेबल करवा रहा था। दोपहर करीबन 12 बजे शिवनाथ पटेल और उसके बेटे देवेंद्र पटेल एवं रूपेंद्र पटेल ने वहां आकर जमीन को बराबर लेबल क्यों करवा रहे हो कहते हुए गाली गलौज करने लगे और उसके साथी हरीराम निषाद के हाथ को देवेंद्र पटेल ने डंडे से मार दिया। इसके बाद आरोपी शिवनाथ पटेल और देवेंद्र पटेल एवं रूपेंद्र पटेल प्रार्थी के साथ मारपीट करने लगे और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

#### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम बिंद्रावन के एक व्यक्ति के साथ पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट किए जाने की घटना हुई है। कोमाखान पुलिस ने बताया कि बिंद्रावन का उमाशंकर पाडे 8 मार्च की शाम करीब 5.30 बजे अपने साथी जीवन पाडे और टुमन पाडे के साथ मोटरसायकल से सामान खरीदने ग्राम नर्रा गया था। जहां पानी टंकी के पास ग्राम नर्रा में ग्राम बिंद्रावन के आनंद टंडन ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी थी। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

#### भतीजे ने की चाचा से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम जाड़ामुड़ा में भतीजे द्वारा चाचा के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। बसना पुलिस को प्रार्थी कपूरचंद प्रधान निवासी जाड़ामुड़ा ने बताया कि मेरे दो बडे भाई है संकीर्तन प्रधान व कीर्तन प्रधान । 7 मार्च को रात 10 बजे झगड़ा विवाद होने का आवाज आने पर उठा। बाहर निकल कर देखा तो मेरे बड़े भाई कीर्तन प्रधान के घर से आवाज आ रही थी। जहां बडे भाई संकीर्तन प्रधान का लडका हेमराज प्रधान शराब के नशे में कीर्तन प्रधान के घर आया हुआ था व कीर्तन प्रधान के घर वालों एवं अपने पिता संकिर्तन प्रधान के साथ गाली गलौच कर झगडा विवाद कर रहा था। उसे जब प्रार्थी द्वारा मना किया गया तो आरोपी गंदी-गंदी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए अपने हाथ में रखे मोबाईल फोन से फेंक कर मारा जिससे मेरे सिर पर चोट आई। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

#### न्यायालय परिसर में खुला डाकघर स्पीड पोस्ट और रजिस्ट्री की सुविधा

**महासमुंद।** अधिवक्ताओं एवं न्यायालय से संबध्द लोगों को स्पीट पोस्ट और रजिस्ट्री की सुविधा उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से जिला न्यायालय परिसर में डाकघर की सुविधा की शुरुआत हुई। इससे लोगों को को डाक भेजने में सुविधा होगी। लंबे समय से अधिवक्ता संघ द्वारा यहां डाकघर खोलने की मांग की जा रही थी। वर्तमान डाकघर अभी औपचारिक रूप से प्रारंभ किया गया है। आगामी महीनों में इसे व्यवस्थित रूप से प्रारंभ किया जाएगा। जिसमें और भी सुविधाएं मिलेंगी। डाकघर में न्यायालय परिसर में हो जाने से आस-पास के लोगों को भी मुख्य डाकघर नहीं आना पड़ेगा।

## आत्मा योजनांतर्गत नवापारा पंडरीपानी में कृषक संगोष्ठी हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिरसा नाला

कृषि विभाग द्वारा एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजनांतर्गत एक दिवसीय कृषक संगोष्ठी का आयोजन ग्राम नवापारा पण्डरीपानी में किया गया जिसमें कृषि विभाग एवं पशुपालन विभाग के अधिकारी शामिल हो कर विभाग की संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी।किसान समृद्धि, किसान सम्मान निधि, कृषक उन्नति योजना, सौर सुजला, शाकम्भरी योजना, सूक्ष्म सिंचाई योजना, कृषि यंत्रीकरण, पोष्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट, जैविक खेती, दलहन तिलहन क्षेत्र विस्तार आदि की जानकारी दिये। कृषि वैज्ञानिक के रूप में सेवा निवृत कृषि अधिकारी पी के घृतलहरे ने धान की खेती के वैज्ञानिक तकनिकी से अवगत कराते हुये ▸▸ शेष पेज 12 पर



## राजस्व मंत्री और महापौर ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए किया तीन महिला कर्मचारियों को सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

■ तीनों कर्मचारियों के नाम के साथ लता शब्द का संयोग

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट बलौदा बाजार में कार्यरत कर्मचारी श्रीमती पुष्पलता अजय वैष्णव लेखा सहायक सांख्यिकी विभाग, श्रीमती प्रेमलता शिवकुमार साहू डाटा एंट्री ऑपरेटर खाद्य शाखा, श्रीमती प्रेमलता लोमस साहू डाटा एंट्री ऑपरेटर खाद्य शाखा को उत्कृष्ट कार्य के लिए राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा और महापौर अशोक जैन के करकमलों से सम्मानित किया गया। यह एक अद्भुत संयोग है कि तीनों कर्मचारियों के नाम के साथ लता शब्द का संयोग है। इन्हें सम्मानित किए जाने पर सीमा पाठक डीवाय डायरेक्टर, सुमित कुमार मरावी डीपीएसो , डॉ कोमल वैष्णव छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन प्रदेश उपाध्यक्ष,देवेश वर्मा जिलाध्यक्ष, गौरीशंकर वैष्णव सचिव, महेंद्र वैष्णव, विजय यादव, आदित्य वैष्णव, श्रीमती शालिनी वैष्णव माला वैष्णव सारिका वैष्णव शेखर वैष्णव ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## पुलिस ने की कई स्थानों पर नाकाबंदी, 14 गिरफ्तार



हरिभूमि ⏭ बलौदाबाजार

■ 333 व्यक्तियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई

जिला पुलिस द्वारा शनिवार रात्रि 11 से 3 तक जिले के 8 महत्वपूर्ण स्थानों में नाकाबंदी कर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। नाकाबंदी के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों, अवैध रूप से शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले लोगों एवं अवैध वस्तुओं की तस्करी करने वाले लोगों की धरपकड़ हेतु चेकिंग की गई। इस दौरान जिले के अंबेडकर चौक बलौदाबाजार, नाका नंबर 1 भाटापारा, तिल्दा अंडरब्रिज चौक सिमगा, हडहापारा चौक कसडोल, ▸▸ शेष पेज 12 पर

#### 14 वाहन चालकों को पकड़ा

इन सभी नाकाबंदी पॉइंट में संबंधित थाना प्रभारियों की उपस्थिति में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल द्वारा नाकाबंदी के दौरान आने जाने वाले समस्त वाहनों, लोगों की सघन चेकिंग की गई तथा उनसे रात्रि में बाहर निकलने कारण एवं रात में यात्रा आदि करने के प्रयोजन के संबंध में जानकारी लिया गया। नाकाबंदी कर चेकिंग अभियान में 14 वाहन चालकों को पकड़ा गया है, जो कि शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पाए गए हैं। इन सभी के वाहन विधिवत जप्त कर लिया गया है, जिन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही चेकिंग में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 333 व्यक्तियों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही किया गया है।

### महिला दिवस पर महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर लिया हिस्सा

## पलारी की महिलाओं ने बिखेरे कला के रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर पंचायत पलारी में नारीशक्ति और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। आयोजन में महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया, जिसमें विधायक संदीप साहू की धर्मपत्नी सीमा साहू, नवनिर्वाचित महिला पार्षदों के साथ अध्यक्ष गोपी साहू ने माँ दुर्गा और माँ सरस्वती की पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। महिलाओं व छोटे बच्चियों व बच्चों ने एक से बढ़कर एक नृत्य, कविता, गीत, व कविताओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू व सीमा साहू ने महिलाओं को अपनी योग्यता और क्षमता तथा अपने अंदर की दबी हुई कला को उजागर करने उत्साहवर्धक उद्बोधन दिया।कार्यक्रम की विशेष बात रही कि आम गृहिणी और कामकाजी महिलाओं ने अपनी छुपी हुई प्रतिभा को दर्शकों के सामने लाया,जिसका सबने उत्साहवर्धन किया। सरस्वती वंदना शालिनी साहू ने अपनी सुमधुर आवाज में गाया। स्वागत गीत आराधना वर्मा ने प्रस्तुत किया।मधु सरसिहा ने महिलाओं के समाज में भूमिका के बारे में उद्बोधन दिया। संध्या रश्मि के ग्रुप ने छत्तीसगढ़ी नृत्य और वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के जीवन चरित्र और देशभक्ति,साहस और बलिदान को नृत्य के माध्यम से बेहतरीन तरीके से प्रस्तुति से दर्शक अत्यंत प्रभावित हुए और जमकर तालियाँ बजाकर नृत्य के प्रतिभागी ▸▸ शेष पेज 12 पर

#### कार्यक्रम में इन्होंने लिया भाग

कार्यक्रम में प्रतिभागी के रूप में संध्या पैकरा, रश्मि सिंह, शालिनी साहू, हेमलता कन्नौजे, सुनीता वर्मा, मुस्कान साहू, उत्तरा दीवान,सीमा वर्मा,वंदना चंद्राकर, किरण साहू, आराधना वर्मा, अनसुईया वर्मा, किरण साहू,उमा वर्मा, संयोगिनी चंद्राकर, लता साहू, सरोज जायसवाल, मधु सरसिहा, पायल चौहान, पूर्णिमा चंद्राकर, कुसुम साहू, खुशबू दामले, सहित पार्षद खेलन बाई वर्मा, प्रतिभा धीरहे, लुकेश्वरी निषाद, लेखू वर्मा, कुमार धीवर सहित सरिता वर्मा, संध्या रजक, भाग्यश्री साहू, पिंकी विश्वकर्मा, वैशाली, जानकी सहित भारी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।


हरिभूमि पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### सरस्वती शिशु मंदिर गोड़ा में विदाई समारोह

**पलारी।** सरस्वती शिशु मंदिर गोड़ा विद्यालय में शनिवार को कक्षा आठवीं के भैय्या बहनों को विद्यालय परिवार द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि तेजराम वर्मा पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पलारी अध्यक्षता नव निर्वाचित सरपंच श्रीमती उषा जागेश्वर धीवर, विशिष्ट अतिथि विद्यालय के संयोजक श्री सुरेन्द्र कुमार बघेल थे। विदाई समारोह में भैय्या बहनों के लिए ज्ञान वर्धक और मनोरंजन के कार्य क्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त स्टाप भैय्या बहनों का विशेष योगदान रहा। अभार प्रदर्शन विद्यालय के प्रधानाचार्य खिलेन्द्र बिजरे ने किया।

### जायसवाल समाज के नगर अध्यक्ष बनाये गए प्रशांत



**कसडोल।** प्रदेश अध्यक्ष सतेंद्र जायसवाल की अनुशंसा पर नगर के युवा प्रशांत जायसवाल को जायसवाल समाज कसडोल का नगर अध्यक्ष बनाया गया है, श्री जायसवाल की नियुक्ति के बाद समाज का आभार प्रगट करते हुए



प्रशांत ने कहा की समाज ने मेरे ऊपर जो विश्वास कर समाज का नगर अध्यक्ष का दायित्व दिया है मै पूरा निष्ठा ईमानदारी से समाज के प्रति काम करूंगा। साथ ही समाज को आगे बढ़ाने में सबको एकजुट कर कार्य करूंगा। इस दौरान संरक्षक हरिश्चंद्र जायसवाल, सुरेश जायसवाल, दशरथ जायसवाल, हृदय जायसवाल, मुन्ना जायसवाल, त्रियोगी नारायण जायसवाल, पंकज जायसवाल, शत्रुघ्न जायसवाल, बन्नू, रामगोपाल कन्हैया जयसवाल, भूपेंद्र जायसवाल, दिगु जायसवाल, राजू जायसवाल, संजू भाई, गोविंद जायसवाल एवं समस्त जायसवाल समाज ने बधाई और आशीर्वाद दिया है।

### पतेरापाली में केवल बने उपसरपंच

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत पतेरापाली में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 में उपसरपंच पद के लिए केवल कुमार यादव विजय हुए। यहां उपसरपंच पद के लिए 2 पांचो ने दावेदारी की थी, जिसमें लीलाधर पटेल को 06 मत एवं केवल कुमार यादव को 13 मत प्राप्त हुए। जिसमें केवल कुमार यादव ने 13 मत से जीत हासिल की।

# आत्मा योजनांतर्गत नवापारा पंडरीपानी में कृषक संगोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गिरसा नाला

कृषि विभाग बिलाईगढ द्वारा एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजनांतर्गत एक दिवसीय कृषक संगोष्ठी का आयोजन ग्राम नवापारा पण्डरीपानी में किया गया जिसमें कृषि विभाग एवं पशुपालन विभाग के अधिकारी शामिल हो कर विभाग की संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। किसान समृद्धि, किसान सम्मान निधि, कृषक उन्नति योजना,सौर सुजला,शाकम्भरी योजना,सूक्ष्म सिंचाई योजना, कृषि यंत्रीकरण, पोष्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट,जैविक खेती,दलहन तिलहन क्षेत्र विस्तार आदि की जानकारी दिये।

## विभाग की संचालित योजनाओं की दी गई विस्तृत जानकारी



### वैज्ञानिक तकनीक से कराया अवगत

कृषि वैज्ञानिक के रूप में सेवा निवृत कृषि अधिकारी पी के घृतलहरे ने धान की खेती के वैज्ञानिक तकनिकी से अवगत कराते हुये मिट्टी परीक्षण, प्रमाणित बीज उपयोग एवं पुष्ट बीज चयन,कतार बोनी,रोपा विधि,संतुलित खाद,जैविक खाद ,जैविक दवाई,निंदानाशक उपयोग,फसल उपचार,प्रदर्शन खेती की विस्तृत जानकारी दी गयी।पशु चिकित्सा अधिकारी डा रविन्द्र कुर्रे ने उन्नत पशुपालन की विधि के साथ पशुओं के रोग उपचार की जानकारी दिये।वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कृष्ण कुमार साहू ने योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दिये।

### भारी संख्या में शामिल हुए कृषक

मौके पर सरपंच नीरा साहू, बसंती कंवल, भेषराम साहू, तीजराम यादव, सोमती कमल, गीताराम कमल, लोकनाथ लहरे, आत्माराम निराला, मेलाराम कमल, तुलसी साहू, श्यामला साहू, श्यामलाल कमल, बब्लू साहू, टीकाराम कमल, खेताराम कमल, जनीराम कमल, छतबाई कमल सहित स्टाफ से ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रामगुलाल साहू, बीटीएम प्रकाश कुमार थवाईत, एटीएम हरीशकुमार, प्रिया भगत सहित कृषक जन भारी संख्या में शामिल थे।

**आयोजन : अध्यक्ष भागबली ध्रुव की अध्यक्षता में हुई बैठक**

# महासभा की बैठक में सामूहिक विवाह व अन्य मुद्दों पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

खल्लारी महाकालेश्वर बलौदा बाजार महासभा के तत्वावधान में समाजिक सामूहिक विवाह की तैयारियां को लेकर खल्लारी महाकालेश्वर बलौदा बाजार महासभा के पदाधिकारियों एवं तिनों चक रानी जरौद चक, बोइरडीह चक, गोंड खपरी चक, के मंत्री मंडल के पदाधिकारियों का एक आवश्यक बैठक आयोजित किया गया। महासभा के अध्यक्ष भागबली ध्रुव की अध्यक्षता में बैठक की कार्रवाई प्रारंभ किया गया। खल्लारी महाकालेश्वर बलौदाबाजार महासभा में सामूहिक विवाह के लिए दिनांक 28, 29 मार्च को सुनिश्चित किया गया था लेकिन 30 तारिख को नवरात्रि प्रारंभ होने के कारण सामूहिक विवाह का तारिख 27, 28 मार्च को रखा गया है । सामूहिक विवाह संचालन हेतु रसीद बुक छपवाकर महासभा के आश्रित सभी चको में प्रत्येक घर से 1 किलो चांवल और 50 रू का समाजिक सहयोग लिया जाना सुनिश्चित किया गया है ताकि सामूहिक विवाह में समाज के सभी वर्गों का योगदान रहें। सामूहिक विवाह में भोजन व्यवस्था, पार्किंग, जैसी अन्य व्यवस्थाओं की जवाबदारी गोंड खपरी चक द्वारा लेने की बात कही गई जिसमें गोंड खपरी चक के आश्रित सभी ग्रामों के रायपंच एवं डिहवारो को कार्यभार संभालने के लिए सहमति मांगी गई जिसमें गोंड खपरी चक द्वारा अपनी सहमति प्रदान की । बैठक में सामूहिक विवाह में लगने वाले सभी समाग्री एवं खर्च होने वाले बजट की सुची तैयार की गई ।



### कदम से कदम मिलाकर चलने की बात कही गई

बैठक में महासभा के अध्यक्ष आदरणीय भागबली ध्रुव जी ने समाज को एक सुत्र में बंधकर चलने के लिए समाज के हर वर्ग के लोगों के प्रगति एवं समाज के उत्थान के लिए समाज के हर वर्ग के लोगों को समाज के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने की बात कही । जिसमें समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ावा मिलेगा समाज को एक नई दिशा देने के लिए समाज में सबको तन मन धन से कार्य करने एवं समाज के नियमों का कठोरता से पालन करने एवं पालन करवाने से लोगों का समाज के प्रति लगाव बढ़ने की उम्मीद बताई ।महासभा के अध्यक्ष आदरणीय भागबली ध्रुव ने यह भी समाज के प्रमुखों को संदेश दिया कि सामूहिक विवाह होने तक हर पांच दिनों में समाज के प्रमुखों के कार्य का समीक्षा बैठक किया जाएगा ताकि हमारे कार्य के रिपोर्टिंग की जानकारी साफ सुथरा रहे ताकि आगे तकलीफ न हो ।

### इन्होंने दी सहयोग राशि

सामूहिक विवाह में सहयोग राशि देने वाले का नाम राशि भागबली ध्रुव द्वारा 50,000, सुंदर मरई 5001, शिव कुमार द्वारा 5,000, हेमलाल नेताम 5,001, पुनाराम मंडावी 1551, मनहरन ध्रुव 11,000, रामानुज मंडावी द्वारा 1001, जगदीश शोरी 1001, संजय मरकाम 1001, झड़ीराम छैदैहा 1001, तिरिथ मरकाम 2052, रामकुमार मरई 2,000, तिहारू मरई 1001, शिव छैदैहा समाज सेवक 1001, जानुक मरई जी 1001, दुकलहा छैदैहा 1001, गोकुल पुडेटी 1001, फत्तेलाल सरपंच मिडिया 3,001, जगदेव मरई 501, शत्रुहन नेताम 501, नेपाल मरावी 501, अशोक मरकाम 501, पंकज धुव 201, महेश धुरव 501, दौलत जगत 5,001, नंदकुमार यादव 1101, सालिकराम छैदैहा 501, नरेश मरई युवा प्रभाग 1001।

बैठक में महासभा के अध्यक्ष आदरणीय भागबली ध्रुव, तिरिथ मरकाम , दौलत जगत जी, पुनाराम मंडावी, जगदीश शोरी , हेमलाल नेताम, सुंदर मरइ ,शिव मरई , मनहरन ध्रुव , रामानुज मंडावी ,झंडी राम छैदैहा, रामकुमार मरई, तिहारू मरई ,जानुक मरई , दुकलहा छैदैहा, गोकुल पुडेटी, फत्तेलाल सरपंच मिडिया , जगदेव मरई ,शत्रुहन नेताम, नेपाल मरावी, अशोक मरकाम, पंकज धुरव , महेश ध्रुव , सालिकराम छैदैहा , नरेश मरई, नंदकुमार यादव, समाज सेवक शिव छैदैहा , मिडिया प्रभारी संजय मरकाम , सहित अनेकों गणमान्य व्यक्तियों ने अपने गरिमामय उपस्थित थे।

### लोगों को सौंपा गया कार्यभार

बैठक में सामूहिक विवाह की तैयारी को लेकर लगातार बैठक की गई ताकि ज्यादा से ज्यादा वर वधु की जोड़ी तैयार हो सके । बैठक में सामूहिक विवाह की तैयारी को लेकर सामूहिक विवाह हेतु प्रभारीयों की भी नियुक्ति की गई जिसमें महासभा के अध्यक्ष आदरणीय भागबली ध्रुव, तिरिथ मरकाम, पुनाराम मंडावी, सुंदर मरई, हेमलाल नेताम, जगदीश शोरी, दौलत जगत, मनहरन मरई, शिव कुमार मरई, तिहारू मरई, रामानुज मंडावी, संजय मरकाम को कार्यभार सौंपा गया। बैठक में महासभा के अध्यक्ष आदरणीय भागबली ध्रुव समाज के सभी कुशल अकुशल अधिकारी कर्मचारी से सामूहिक विवाह हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान करने की अपील की। बैठक में महासभा के पदाधिकारी एवं चक पदाधिकारीयों एवं रायपंचो ने सामूहिक विवाह के लिए अपनी अपनी स्वैक्षा से सहयोग राशि देने की बात कही ।

# नवनिर्वाचित सरपंच शशिकला पांडेय व पंचों ने ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुंडा

ग्राम पंचायत मुंडा में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जीत दर्ज किए नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों का शपथ ग्रहण समारोह 7 मार्च को ग्राम पंचायत भवन में रखा गया था। सरपंच एवं पंचों के शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम में विशेष रूप से जनपद पंचायत के रामसाय मनहरे उपस्थित रहे।

इनकी उपस्थिति में पूर्व सरपंच सुमित्र संतोष वर्मा ने नवनिर्वाचित सरपंच शशिकला पांडेय को पंचायत की समस्त दस्तावेजों लेखा जोखा ब्यौरा सहित ग्राम पंचायत की संपूर्ण प्रभार सौंपा गया। शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चनाकर किया गया। शशिकला पांडेय उर्फ मुन्नी दीदी ने सरपंच के तौर पर शपथ ग्रहण ली। शपथ ग्रहण समारोह में उद्बोधन के दौरान सरपंच शशिकला पांडेय उर्फ मुन्नी दीदी की आंखों से आंसू बहने लगे और भावुक होते हुए कहा कि जिस विश्वास के साथ गांव की सरकार संभालने के लिए मुझे प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्रदान किए मैं उन सभी का हृदय से आभारी हूं और विश्वास दिलाती हूं कि ग्राम विकास को प्राथमिकता एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचा कर उनका लाभ पहुचाने और बिजली पानी सड़क के साथ जनता की मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने की शपथ ग्रहण कर पंचों को भी बधाई देते हुए कहा कि अब हमें एक टीम की तरह मिलकर विकास करना है नवनिर्वाचित पंचों ने भी ग्राम पंचायत का विकास पर एक मत होकर शपथ लिया। नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों को सचिव सरोजनी पैकरा एवं रोजगार सहायक मुकेश मनहरे ने शपथ दिलाई।

### सरपंच के साथ पंचों ने ली शपथ

शपथ लेने वाले में सरपंच शशिकला पांडे उर्फ मुन्नी दीदी, पंच फिरतीन बाई ध्रुव, पूर्णिमा महेंद्र वर्मा, परमानंद साहू, पीतांबर रजक, धनेश्वर वर्मा मोंगरा, हलधर वर्मा, फनेश्वरी खगेश वर्मा, दुजराम वर्मा, मुकेश्वरी मनीराम वर्मा, नीलम मुकेश वर्मा, हीराबाई वर्मा, गोमती रविंद्र नाथ साहू, रूपेश कुमार वर्मा, श्यामू लाल फेकर, सिद्धेश्वर वर्मा, शकुन रात्रे, जयबाई रात्रे, सोमलाल कोसले, उषा कोसले रमेश चतुर्वेदी शामिल रहे।

# ग्रापं रावन में शांतिपूर्वक शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुहेला



ग्राम पंचायत रावन में हाल ही में चुनाव संपन्न होने के बाद शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन शांतिपूर्वक किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच, पंचगण, ग्राम सचिव और ग्रामीणजन उपस्थित रहे। समारोह में उपस्थित ग्रामीणों ने नवनिर्वाचित युवा सरपंच से आशाएं व्यक्त कीं, और उन्हें उम्मीद है कि वे गांव के विकास के लिए सृजनात्मक कार्यों को तेज गति से करेंगे। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान ग्रामीणों में खुशी का माहौल है और नए सरपंच से बेहतर कार्यों की उम्मीद जताई गई। ग्राम पंचायत रावन सचिव नरसिंह कुमार वर्मा ने बताया रावन में सरपंच एवं पंचों का शपथ ग्रहण समारोह किया गया। कुल 20 पंच है जिसमें 11 महिलाएं एवं 9 पुरुष शामिल रहे सभी के द्वारा शपथ ली गई। ग्राम पंचायत रावन के नवनिर्वाचित सरपंच अमर सिंह नेताम ने बताया सरपंच का शपथ लिए है और अच्छा लग रहा है सरकार के जो नियमावली है उनका पालन करेंगे कहकर शपथ लिए हैं गांव के विकास के लिए कार्य करेंगे गांव के प्रमुख समस्याओं में पेयजल पानी को लेकर है प्राथमिकता के साथ हम कार्य करेंगे।

# ग्रापं बेल्दार में उपसरपंच निर्वाचित हुए पप्पू पूरेना

**खरोरा।** ग्राम पंचायत बेल्दार सिवनी में उपसरपंच का निर्वाचन सम्पन्न हुआ जिसमें 20 में से 15 मत प्राप्त कर पप्पू पुरेना विजय हुए।

उपसरपंच निर्वाचित होने पर नवनिर्वाचित सरपंच सरिता प्रकाश धीवर व नवनिर्वाचित पंचगणो में तला वर्मा, कलेन्द्री वर्मा, सुनती क्षत्रिय, सरोजनी वर्मा, रमशीला यादव, केजा सेन, जितेंद्र राव, रोशनी पटेल, जवाहर पटेल, अमीत ढीढी, खुशबू पूरेना, नितू जांगड़े, दयानंद पटेल, द्रौपदी वर्मा, सरोज यादव, विजय क्षत्रिय, राम कुंवर वर्मा, लखेश्वर पूरेना तथा नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को श्री मति उमा पूरेना,शंकर रातडे , सालिक वर्मा, दाऊ लाल ढीढी, राजेन्द्र वर्मा राम अनुज वर्मा, सतिश पाटले आदि ग्रामीणों ने शुभकामनाएं दी है।





### नवनिर्वाचित जनपद सदस्य से मिले स्वा सहायता समूह की महिलाएं

**पलारी।** ग्राम दतान निवासी क्षेत्र क्रमांक 04 के नवनिर्वाचित जनपद सदस्य श्रीमती जामवंति नीलकमल साहू से क्षेत्र के जय रणबौर देवी, श्री राधा कृष्ण स्वसहयता समूह के महिलाओ ने शाल श्रीफल भेंट कर जीत की बधाई एवं शुभकामनायें दी। इस मौके पर हेमीन फेकर, चद्रिरका फेकर, स्वेता साहू,शकुंतला साहू, येनेशवरी साहू, ओमीन साहू, कमलेशस्वरी फेकर, कल्पना धुव, शिवकुमारी साहू, गायत्री साहू,पुष्पा ध्रुरव, वीणा वर्मा अर्चना यादव सोनसीर मानिकपुरी अमृत साहू दुलमत साहू, कामनी यादव, मिना साहू, सुनीता यादव, धार्मिन यादव, रामबाई वर्मा, प्रेमिन साहू, सहित बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### भटगांव में राष्ट्रीय ...

बैंक, इंडियन बैंक, बिजली विभाग द्वारा ऋण वसूली का कैम्प लगाए हुए थे। न्यायालय परिसर में स्वास्थ्य विभाग के संतोष टंडन, विजय रामेश्वर दोहरे ड्रेसर,संतोष दीवान लैब टेक्नीशियन के द्वारा पक्षकारों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

**इनका रहा विशेष योगदानः** सुलहकर्ता के रूप में अधिवक्ता कन्हैया लाल जांगड़े व श्रीमती पुष्पा गुप्ता उपस्थित हुए तथा न्यायालय के प्रस्तुतकार गीता प्रसाद कोसले,विनोद स्नेही निष्पादन लिपिक, शोभित दास साक्ष्य लेखक, ओधेश कुमार नायब नाजिर, राजराखन सोनी भृत्य, श्रीमती अल्का खुटे भृत्य आदि समस्त कर्मचारीग,पुलिस स्टाप हेमचरण चोरगे एवं अधिवक्ता संघ भटगांव के अधिवक्ताओं में प्रमुख रूप से अध्यक्ष जगनथिया बंजारे,जगेसर लहरे,रामसाय सिंह बघेल, सचिव डगेश्वर खटकर,डी एन लहरे,एम एल चन्द्रा,यशपाल सिंह,डी पी कुर्रे,जीवनलाल कुर्रे, रोहित बघेल,नरसिंग साहू,भागीरथी यादव,प्रभु साहू सुमन तंदुलाने,ज्योति खटकर इत्यादि अधिवक्ताओं एवं दीपक पी एल व्ही का लोक अदालत के सफल आयोजन पर विशेष योगदान रहा।

### एक करोड़ सात...

होने से बरसात में होने वाली विकट समस्या से निजात मिलेगी, अब जल्द ही पुल निर्माण का कार्य प्रारंभ होने वाला है। खोरबाहरा प्रसाद सिदार के अथक प्रयास एवं क्षेत्र वासियों के द्वारा वर्षो से की जा रही मांग पूरा हुआ जिस के लिए सिदार सर्व आदिवासी समाज बिलाईगढ़ से रविसिदार जिला संयोजक युधिष्ठिर राज जिला प्रवक्ता, सन्तन सिंह सिदार ठक्क बिलाईगढ़, डिसू सिदार सरपंच बोड़ाडीह, जवाहर लाल खैरवार, लक्ष्मण नेताम, संजय नेताम, फणीन्द्र सिंह नेताम, कीर्तन सिंह ध्रुव, सुनील राज, बृषभान जगत, राजकुमार सिदार पार्षद भटगांव, —पाराम सिदार, विद्याभूषण बांसवार एवं समस्त वनांचल क्षेत्रवासी बिलाईगढ़ ने मुख्यमंत्री का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया गया।

### पुलिस ने की...

बस स्टैंड गिधौरी, वीर नारायणपुर मोड चौक भुसड़ीपाली चौक सोनाखान, खरतोरा नाका थाना पलारी एवं सुहेला तिगड्डा में नाकाबंदी पॉइंट लगाया गया।

### आत्मा योजनांतर्गत नवापारा...

मिट्टी परीक्षण, प्रमाणित बीज उपयोग एवं पुष्ट बीज चयन, कतार बोनी, रोपा विधि, संतुलित खाद, जैविक खाद, जैविक दवाई, निंदानाशक उपयोग, फसल उपचार, प्रदर्शन खेती की विस्तृत जानकारी दी गयी। पशु चिकित्सा अधिकारी डा रविन्द्र कुर्रे ने उन्नत पशुपालन की विधि के साथ पशुओं के रोग उपचार की जानकारी दिये। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कृष्ण कुमार साहू ने योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दिये।

**ये रहे मौजूदः** मौके पर सरपंच नीरा साहू, बसंती कंवल, भेषराम साहू, तीजराम यादव, सोमती कमल, गीताराम कमल, लोकनाथ लहरे, आत्माराम निराला, मेलाराम कमल, तुलसी साहू, श्यामला साहू, श्यामलाल कमल, बब्लू साहू, टीकाराम कमल, खेताराम कमल, जनीराम कमल, छतबाई कमल सहित स्टाफ से ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रामगुलाल साहू, बीटीएम प्रकाश कुमार थवाईत, एटीएम हरीशकुमार, प्रिया भगत सहित कृषक जन भारी संख्या में शामिल रहे।

### पलारी की महिलाओं...

महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। पाखी पाखी डांस ग्रुप के छोटी बच्चियों ने भी ओरी चिरैया नन्ही सी गुड़िया में भावविभोर करने वाला नृत्य प्रस्तुत किया वहीं महाकाली नृत्य में बच्चियों ने देवी के स्वरूप में आकर्षक वेशभूषा में शानदार प्रदर्शन किया। हेमलता कन्नौजे ने कविता सुनाकर वाहवाही बटोरी।संगीता देवांगन ने कराओके में बेहतरीन प्रस्तुति दी। आशा देवांगन ने महिलाओं पर सारगर्भित विचार रखे। नगर के कवि पूरन जायसवाल ने माँ पर अपनी कविता प्रस्तुत की ,वहीं हितेन्द्र ठाकुर ने चालीस पार के त्रिरयों पर कविता सुनाई। छोटे बच्चों तनिष्क शैौर्य ग्रुप ने पंजाबी डांस और देशभक्ति पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुति से कार्यक्रम को मनोरंजक बनाया। कार्यक्रम का संचालन रोहित जायसवाल दीपक तिवारी ने किया।

# भटभेरा में विश्व महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुहेला

ग्राम भटभेरा में विश्व महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं ने विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया। जानकारी के अनुसार, ग्राम समूह की महिलाओं ने भारत माता की आरती से कार्यक्रम की शुरुआत की। ग्राम में लगभग 36 महिला समूह हैं, जिनमें से 26 सक्रिय हैं। सभी महिला समूहों ने मिलकर इस खास दिन को मनाया और कार्यक्रम को शानदार तरीके से संपन्न किया।

इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया, जिनमें खेल कूद, ढेर सारे मनोरंजनात्मक गतिविधियां शामिल थीं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नारी सशक्तिकरण और जागरूकता था, जिसमें ग्राम के प्रतिनिधि, महिला जनपद सदस्य उमानंद और महिला सरपंच दिलेश्वरी साहू भी शामिल हुईं। ग्राम की महिलाओं ने इस आयोजन के दौरान नशामुक्ति अभियान को बढ़ावा देने के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के संकल्प भी लिए।



# रिकोखुर्द में साहू संघ की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कसडोल

परिक्षेत्र साहू संघ रिकोकला अंतर्गत ग्राम रिकोखुर्द में रविवार को साहू समाज का बैठक आहूत किया गया। बैठक में समाज के जिलाध्यक्ष सुनील साहू,महासचिव दिनेश साहू, तहसील साहू संघ लवन अध्यक्ष सुशील साहू, तहसील साहू संघ सोनाखान किशोर साहू कि विशेष उपस्थिति में बैठक हुई। बैठक के दौरान सुनील साहू ने अपने उद्बोधन के दौरान त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में सफल हुए समाज के लोगों को बधाई एवं शुभकामनायें दी साथ ही असफल हुए लोगों के प्रति सहानुभूति जताई। उन्होंने आगे अपने उद्बोधन में कहा कि जब भी समाज के लोगों के द्वारा किसी भी तरह के राजनीतिक चुनाव में हिस्सा लिया जाएगा तो सभी स्वजातीय जनों को समाज के प्रत्याशीयों का भरपूर सहयोग करना है। समाज के लोगों को समाजिक व्यवस्था, समाजिक संस्कृति, समाजिक सदाचार कि भावना को आगे बढ़ाने का कार्य करना है। उक्त बैठक में परिक्षेत्र, तहसील, जिला स्तर के समाजिक पदाधिकारी गण स्वजातीय बंधुओ कि विशेष उपस्थिती रही।

■ नशामुक्ति अभियान को बढ़ावा देने के लिया गया संकल्प

## खबर संक्षेप



### मूरा में निर्विरोध उपसरपंच बनी संतोषी वर्मा

**बंगोली।** ग्राम पंचायत मूरा में हुए उपसरपंच चुनाव में वार्ड 9 के पंच संतोषी जगदीश वर्मा को निर्विरोध उपसरपंच चुना गया है। श्रीमति वर्मा को उपसरपंच निर्वाचित होने पर ग्रामवासियों ने बधाई दी है।

### शुभ्रा का हुआ सम्मान

महासमुंद। नगर पालिका परिषद के पार्षद शुभ्रा मनीष शर्मा का महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला समिति द्वारा सम्मान किया गया।

### शिवकुमार बने लाफिनखुर्द के उपसरपंच

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत लाफिनखुर्द में शनिवार को उपसरपंच का चुनाव हुआ। जिसमें शिवकुमार निषाद विजयी हुए। शिवकुमार ने चार वोटों से जीत दर्ज की। जीत पर सरपंच एवं सभी पंचों सहित युवाओं ने नवनिर्वाचित उपसरपंच शिवकुमार निषाद का अभिनंदन किया। बता दें कि शिवकुमार समाजिक कार्यों के साथ ही ग्राम समिति में उपाध्यक्ष है और ग्रामीण युवा विकास संगठन का कोषाध्यक्ष के पद सम्हालते हुए उन्होंने अध्यक्ष का भी पद सम्हाल कर ग्राम में स्वच्छता, शिक्षा और सांस्कृतिक कार्यक्रम को कराने में पहल किया है।

### पटपरपाली में चैतराम बने निर्विरोध उपसरपंच

**तेंदूकोना।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव अंतर्गत उपसरपंच के लिए निर्वाचन हुआ। जिसमें बागबाहरा जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत पटपरपाली में सर्वसम्मति से चैतराम साहू उपसरपंच नियुक्त हुए। बता दें यहां उपसरपंच के लिए पंच हवंत साहू, मुकेश गुप्ता और चैतराम साहू ने दावेदारी की थी। किंतु, पंचों के सर्वमान्य निर्णय से चैतराम साहू को उपसरपंच चुना गया।

## पंचायत के कुशल संचालन और युवाओं को मार्गदर्शन देने के लिए मार्गदर्शक मंडल का गठन

# विकास को नई दिशा देने की सरपंच और पंचों ने ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

ग्राम पंचायत हिरमी के नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों ने शपथ लिया इस उपरांत नवनिर्वाचित सरपंच पुनउ राम भारती ने कहा कि हम सब मिलकर गांव की विकास करेंगे एकता में हो शक्ति है जो गांव में विकास की गंगा बहा सकते हैं इसलिए एकता बनाए रखें इसी कड़ी में ग्राम पंचायत बुडगहन में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें नव निर्वाचित पंचों और सरपंच ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। पंचायत के नवनिर्वाचित सरपंच तिलक राम वर्मा ने विधिवत रूप से शपथ ग्रहण कर गांव की सेवा और विकास को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया। इस बार ग्राम पंचायत बुडगहन में पूरी तरह से युवा नेतृत्व देखने को मिला, जिससे ग्रामीणों में नए जोश और उम्मीद की लहर दौड़ गई है। खास बात यह है कि सभी निर्वाचित पंच और सरपंच युवा हैं, जो नई सोच और ऊर्जा के साथ गांव के विकास को गति देने के लिए तत्पर हैं।पंचायत के कुशल संचालन और युवाओं को मार्गदर्शन देने के लिए मार्गदर्शक मंडल का गठन किया गया है। यह मंडल नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को सीखने और बेहतर निर्णय लेने में मदद करेगा, जिससे वे अपने दायित्वों को प्रभावी ढंग से निभा सकें। सामूहिक विकास का लिया संकल्प रू शपथ ग्रहण समारोह में पंचों ने आपसी सहयोग और सामंजस्य के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। सभी पंचों ने कहा कि वे गांव के हर वर्ग को साथ लेकर चलेंगे। पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ विकास योजनाओं को अमल में लाया जाएगा। पंच और सरपंच मिलकर गांव के सवांर्गीण विकास की दिशा

### ग्राम पंचायत अहिल्दा में शपथ ग्रहण समारोह

**लवन ।** ग्राम पंचायत अहिल्दा में नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचो का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रखा गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत बलौदा बाजार की अध्यक्ष श्रीमती सुलोचना यादव एवं विशेष अतिथि के रूप में जनपद सदस्य श्रीमती छम्मन विजय यादव विशेष रूप से उपस्थित थी ग्राम पंचायत के सचिव काशीराम रजक के मार्गदर्शन में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया सभी पंच एवं सरपंच को शपथ दिलाई गई कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का स्वागत सचिव काशीराम रजक फेकू राम साहू रोजगार सहायक जगत राम कोसले द्वारा पुष्पगुच्छ से किया गया शपथ ग्रहण पश्चात नवनिर्वाचित सरपंच फुलिया बाई अशोक घृतलहरे द्वारा सभी पंचों को साथ लेकर गांव के विकास एवं समस्याओं के निराकरण हेतु हर संभव प्रयास करने की बात कही गई वहीं पर कार्यक्रम के मुख्य तिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुलोचना यादव द्वारा ग्राम अहिल्दा के विकास कार्य में भरपूर सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय यादव अशोक घृत लहरें वार्ड पंच डाकेश्वर मानिकपुरी अंकित साहू कमलेश साहू द्वारा भी संबोधन किया गया इस अवसर में भारी तादाद में ग्रामीण जन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन अरविंद कुमार मिश्रा प्रधान पाठक ने किया आभार प्रदर्शन सचिव काशीराम रजक जगत राम कोसले ने किया कार्यक्रम समाप्ति पर सभी के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी।



### अमेरा में सरपंच व पंचों किया शपथ ग्रहण

**अमेरा।** ग्राम पंचायत अमेरा में सरपंच एवं पंचों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। नवनिर्वाचित सरपंच शैलेन्द्री पटेल एवं पंचो को ग्राम पंचायत के सचिव श्री साहू द्वारा पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भाजपा मंडल पलारी के अध्यक्ष पवन वर्मा, जनपद सदस्य राम बाबू पटेल, रामाधार पटेल, युवा मोर्चा पलारी के भोला वर्मा, गौतम यादव, योगेश वर्मा उपस्थित थें। सभी अतिथियों ने नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों को बधाई देते हुए पंचायत प्रतिनिधियों को ग्राम विकास के लिए शासन के विभिन्न योजनाओं के तहत कार्य कराकर आर्दश ग्राम पंचायत बनाने हेतु कार्य करने की बात कही। अतिथियों ने यह भी कहा कि ग्राम की जो भी आवश्यकता व समस्याऐं होगी उसको पूरा कराने के लिए भरपुर प्रयास किया जायेगा। नवनिर्वाचित सरपंच शैलेन्द्री पटेल एवं नवनिर्वाचित जनपद सदस्य राम बाबू पटेल ने अपने निर्वाचन पर ग्रामींणो के प्रति आभार व्यक्ते करते हुएग्राम विकास में सब एकजुट होकर कार्य करने पर बल दिया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच रोहित जोशी, लखेश्वरी साहू के अलावा ग्राम प्रमुख बलदु पटेल, गणेश घृतलहरे, साधूराम रात्रे, तिहारू घृतलहरे, सुरेन्द्र पटेल, शीतल साहू, मंगलु राम लहरी, योगेश्वर पटेल, आदि उपस्थित थें।

### 104 ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं पंचों ली गोपनीयता की शपथ

**सिमगा।** जनपद पंचायत सिमगा अंतर्गत ग्राम लांजा में सरपंच ओमप्रकाश बंजारे, पौंसरी में सरपंच चंद्रमणि साहू, बिनैका में सरपंच मुकेश बंजारे, औरेठी में सरपंच नरेश साहू, कामता में घनश्याम गिरी गोस्वामी, तुलसी में सरपंच चंद्रमणि तिवारी सहित सभी 104 ग्राम पंचायतों में नवनिर्वाचित सरपंचों एवं पंचों का शपथग्रहण समारोह संपन्न हुआ। कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा जो कि जनपद पंचायत क्षेत्र सिमगा अंतर्गत आता है। कमलेश साहू को दूसरी बार सरपंच बनने का गौरव प्राप्त हुआ। वे पहली बार सन 2015,से 2019,तक सरपंच रहे। शपथग्रहण निर्धारित समयानुसार ग्राम पंचायत भवन दामाखेड़ा में गरिमामय समारोह में सचिव ठगन लाल बारले ने नव निर्वाचित सरपंच कमलेश साहू सहित 20,पंचों को शपथ दिलाया। जिनमें 11,महिला एवं 9,पुरुष पंचों ने साहेब बंदगी साहेब के उद्घघोष के सांथ पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। पंचायत क्षेत्र के कुल 2700, मतदाताओं में से 2080,मतदाताओं ने मतदान में हिस्सा लिया। कमलेश साहू कड़े संघर्ष में 101 वोट से विजयी हुए हैं। उनके प्रतिद्वंद्वी पूरन देवांगन को हार का सामना करना पड़ा। शपथग्रहण समारोह में नवोदित वंशाचार्य पंथ श्री उदितमुनि नाम साहब एवं गुरु गौसाई डां. भानुप्रताप नाम साहब विशेष रूप से आशीर्वाद देने उपस्थित थे। शपथग्रहण समारोह के उपरांत स्वल्पाहार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से दिलीप साहू, मनोज चौबे, संजू साहू, जीवनलाल साहू, हिम्मत साहू, रवि साहू, गोविन्द वर्मा, पीताम्बर साहू, तारकेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।



### जपं अध्यक्ष सुलोचना यादव ने पैजनी में निकाली आभार रैली

**मुंडा।** जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 के जनपद सदस्य व बलौदा बाजार जनपद के निर्विरोध चुने गए अध्यक्ष श्रीमती सुलोचना यादव का आभार रैली डीजे के साथ ग्राम पंचायत पैजनी में निकाली गई वही पैजनी के पूर्व सरपंच हलधर वर्मा व नवनिर्वाचित सरपंच लोकेश्वर बाऊ वर्मा के साथ नवनिर्वाचित सभी पच व महिला समूह के लोग भारी संख्या में शामिल होकर भव्य रैली के साथ हर घर पहुंच कर मतदाताओं का आभार जताया और श्रीमती सुलोचना यादव को निर्विरोध जनपद अध्यक्ष बनने पर जगह–जगह जोशीला स्वागत किया और फटाके फोड़ कर आभार जताया आभार रैली में पूर्व सरपंच छलधर प्रसाद वर्मा वर्तमान सरपंच लोकेश्वर बाऊ वर्मा व सभी पच भाजपा युवा नेता प्रशांत यादव पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय यादव प्रमोद वर्मा विनोद वर्मा दीलू वर्मा संतोष अनीता वर्मा उत्तर यदू भास्कर वर्मा योगेश ओमप्रकाश गायकवाड संजय रामकृष्ण वर्मा देव कुमारी यशवंत वर्मा मनीराम रामवती गायत्री गोपाल पटेल वह ग्रामवासी सम्मिलित थे।



### बिरकोनी, बरबसपुर में निर्विरोध चुने गए उपसरपंच

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी सहित क्षेत्र के ग्राम पंचायत भवन में उपसरपंच चुनाव 8 मार्च को हुआ। 12 बजे चुनाव प्रक्रिया को पीठासीन अधिकारी अजित बहादुर सिंह व सचिव शंकर साहू ने कराया। जिसमें पंचों व सरपंच ने गिरीश चंद्राकर को निर्विरोध चुना गया। पीठासीन अधिकारी ने निर्वाचन आयोग उपसरपंच का प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इस दौरान सरपंच चन्दन चंद्राकर, कोतवाल योगेश मानिकपुरी, गोकुल सोनवानी, रोजगार ऑपरेटर टेमन गिलहरे, महेश साहू सहित पंचों व सभी पंचायत समिति के कार्यकर्ता उपस्थित थे। इसी तरह ग्राम बरबसपुर में निर्विरोध उपसरपंच मोनिका साहू को चुना गया। सरपंच सत्यवती महेंद्र प्रताप सोनवानी व पंचों सहित ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की है। बड़गांव में निर्वाचित टिकेश्वरी ऋषि चक्रधारी को 13 मतों से निर्वाचित उपसरपंच चुना गया। विपक्ष में पीतांबर निषाद को 6 मत मिले। ग्राम पंचायत सरपंच नंदनी जवाहर ध्रुव व पंचायत समिति के सदस्यों ने निर्वाचित उपसरपंच टिकेश्वरी ऋषि चक्रधारी का गुलाल लगाकर स्वागत किया।


**आम-सूचना**

**भूमि के संबंध में**

मैं अपने पक्षकार छतदास पिता फिरतुदास जाति पनका साकिन टुण्डरी जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ छ.ग. से अधिकृत व निर्देषित होकर सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि ग्राम टुण्डरी प.ह.न. 01 रा.नि.म. पवनी तहसील बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ छ.ग. के खसरा नं. 3022/412 वर्तमान खसरा नं. 3022 को मेरे पक्षकार और उनके परिवार लगभग 90 वर्ष से कास्त कब्जा पर है। ग्राम टुण्डरी के मिशल के खाता नं. 85 में खसरा नं. 3022 में भूमि स्वामी मेरे पक्षकार के परदादा पकलु पनका पिता भरोस पनका के नाम पर दर्ज होकर चला आ रहा था उस भूमि पर मेरा पक्षकार व उनके परिवार वर्तमान में भी बिना व्यवधान के कब्जा पर है।

यह कि ग्राम टुण्डरी के प्रहलाद पिता जीतराम जाति सतनामी ने उक्त खसरा नं. के भूमि को सीमांकन कराने हेतु छः माह पूर्व राजस्व अधिकारी को लेकर आया तो जानकारी हुआ कि उक्त भूमि प्रहलाद पिता जीतराम के नाम पर दर्ज हो गया है जबकि उक्त भूमि पर मेरा पक्षकार के कब्जा है। मेरे पक्षकार, प्रहलाद पिता जीतराम को उक्त भूमि को मेरे पक्षकार व उनके परिवार के नाम पर दर्ज कराने हेतु निवेदन किया तो प्रहलाद पिता जीतराम ने इंकार कर दिया जबकि प्रहलाद पिता जीतराम उक्त भूमि पर कास्त कब्जा में नही है।

उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में उक्त भूमि के नाम मात्र के स्वामी प्रहलाद पिता जीतराम के बीच वर्तमान में मेरे पक्षकार का आपसी तालमेल नही जमने के कारण मेरे पक्षकार के पक्ष व उनके परिवार के नाम में नामांतरण करने में प्रहलाद तैयार नही हुए बल्कि अन्य व्यक्ति के पास बिक्री करने ग्राहक खोज रहा है। चूंकि मेरे पक्षकार के परदादा पकलू पनका पिता भरोस के नाम पर मिशल के समय से दर्ज होकर चला आ रहा है। मेरे पक्षकार के परदादा, दादा और पिता ने कभी उक्त भूमि को प्रहलाद पिता जीतराम या उनके पूर्वज के पास बिक्री हस्तांतरण नही किया है। यदि कोई व्यक्ति या संस्था उक्त भूमि को चोरी छिपे जानबुझकर क्रय कर लेता है और अपने पक्ष में बैनामा का निष्पादन कर लेता है तो मेरे पक्षकार उक्त व्यक्ति या संस्था के विरूद्ध मान. व्यवहार न्यायालय में व्यवहार वाद प्रस्तुत करेगा जिसे होने वाले परिणाम व वाद खर्चा के लिए स्वयं जिम्मेंदार रहेगें। इसलिए सर्व साधारण के हित में उपरोक्त आम सूचना का प्रकाशन करवाया जा रहा है ताकि सभी को उक्त संबध में जानकारी हो सके।

**अतः सूचना जाने।**

दिनांक 09.03.2025

विष्णु साहू, अधिवक्ता
व्यवहार न्यायालय बिलाईगढ़
CG/962/2010





# होली पर शराब पीकर हुड़दंग करने वालों पर होगी कार्रवाई, शान्ति समिति की बैठक में हुआ निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

रविवार को थाने में आगामी होली त्योहार के मद्देनजर शान्ति पूर्ण सम्पन्न कराने के लिए कसडोल थाने में शान्ति समिति की बैठक आहूत की गई। जिसमें क्षेत्र सहित नगर से आये सैकड़ों जनप्रतिनिधियों सहित गड़मान्य लोगो ने अपना अपना मत रखा। इस दौरान थाना प्रभारी रितेश मिश्रा ने लोगों से शांति पूर्ण होली मनाने की अपील की। इसके साथ ही क्षेत्र वाशियों से नशा से दूर रहने की गुजारिश की। समिति की बैठक के दौरान उपस्थित सदस्यों ने एक मत होकर होली शान्ति पूर्ण संपन्न कराने के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय प्रस्तावित कराया। होली पर्व के दिन नगर के प्रमुख चौक चौराहों पर पुलिस बल मुस्तैद रहे ताकि किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति निर्मित न होने पाए।

## कसडोल थाना में की गई बैठक, आदर्श होली मनाने का किया आह्वान



### पुलिस की रहेगी पैनी नजर

साथ ही बैठक में उपस्थित सदस्यों ने एक मत होकर निर्णय लिया कि पर्व के दौरान शराब पीकर हुल्लड़ करने वाले, शराब की पैकारी करने वाले, हाईस्पीड बाइकर्स, डीजे में प्रतिबंध, मोटरसाइकिल में तीन सवार लोगों के ऊपर सख्त कार्यवाही किया जाए। पर्व के दौरान होली में किसी भी तरह के हरे पेड़ पौधों की कटाई न हो, किसी के इमारती लकड़ी का चोरी न करे, मुखौटे तथा आईल पेंट का उपयोग न किया जाए। त्योहार के एक दिन पूर्व से पुलिस की लगातार पेट्रोलिंग किया जाए ताकि किसी भी तरह के अप्रिय घटना को समय से पहले रोका जा सके।

### बैठक में ये रहे मौजू

बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुदीप मानिकपुरी, नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक यादव, राजेश कन्नौजे, पार्षद भानु प्रताप साहू, विमल वैष्णव, अजय साहू, नीरज साहू, पुणेश्वर साहू, उमेन्द्र निर्मलकर, राजा साहू, राम कुमार साहू, रामा धीवर, सुंदर साहू, संतोष भारती, रमेश साहू, दीपक पटेल, संजय साहू, पत्रकार संघ के संरक्षक दिनेश मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष देवेन्द्र साहू अशोक टण्डन, संतोष साहू, कार्तिक साहू, युवराज यादव, आमिर दास, गिरजा साय, विनोद बंजारे, प्रशांत जायसवाल, भावेश यादव, गौरीशंकर सेन, दिनेश साहू, भानु यादव, विनोद चेलक, एसडीएम रामरतन दुबे, तहसीलदार विवेक पटेल सहित नगर एवं क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहें।

## खबर संक्षेप



### ग्राम मूरा में निकाली गई प्रभात फेरी

**बंगोली।** समीपस्थ ग्राम मूरा मे पंच दिवसीय रामायण पाठ के चलते तुलसी राम वर्मा के निर्देशन मे रामनाम की प्रभात फेरी निकाली गई जिसमे समिति के सभी सदस्यों ने श्रीराम जय राम जय जय राम की धुन मे गली भ्रमण की ,इस अवसर पर प्रत्येक घरों से अन्नदान किया गया।

### दीपक को दिया गया राज्य युवा कवि सम्मान



**पलारी।** छत्तीसगढ़ मित्र छत्तीसगढ़ साहित्य एवं संस्कृति संस्थान और जय जोहार साहित्य संस्कृति संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में वृन्दावन हाल रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में पलारी अंचल के युवा कवि दीपक कुमार तिवारी को राज्य युवा कवि सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान कविता के क्षेत्र में नवाचार तथा नवचेतना लाने और साहित्य के क्षेत्र में ऊर्जावान भूमिका के लिए दिया गया। इस अवसर पर आईपीएस डॉ रतनलाल डांगी, के पी यादव कुलपति मैट्स विश्वविद्यालय, श्रीमती इंदिरा मिश्र आईएएस, व्यंग्यकार गिरीश पंकज, पूर्व आईएएस डॉ सुशील त्रिवेदी, कल्याण महाविद्यालय भिलाई के विभागाध्यक्ष डॉ.सुधीर शर्मा, समीक्षक पोखनलाल जायसवाल, कवियत्री सीमा निगम, सहित कई बड़े साहित्यकार उपस्थित रहे।

## निधन

### रामलाल साहू



**बंगोली।** ग्राम मूरा निवासी रामलाल साहू 50 वर्ष का 7 मार्च शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया। जिसका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम मे किया गया। उनके अंतिम यात्र मे स्वजातीय सहित ग्राम के अन्य लोग शामिल थे। वे कुम्भकरण साहू,रामखेलावन साहू के अनुज थे।

## आयोजन : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं की उपलब्धियों को सराहा

# जल संरक्षण की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को विकासखंड सिमगा के ग्राम पंचायत रोहरा में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत जल जीवन मिशन द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में महिलाओं की उपलब्धियों को सराहा गया और गांव में जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए विभिन्न जागरूकता सत्र भी आयोजित किए गए जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर कई महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और गांव की अन्य महिलाओं को प्रेरित किया। इस अवसर पर जल संरक्षण की जिम्मेदारी,जल की बचत से सुरक्षित भविष्य, समाज में जल संरक्षण की जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण आदि में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका बताई गई। कार्यक्रम में जिला समन्वयक राजकुमार कोसले,एकेडमी ऑफ मैनेजमेंट की जिला कोडिनेटर संगीत मसीह,बिहान क्लस्टर अध्यक्ष दुलारी निषाद, उपाध्यक्ष पूर्णिमा साहू, पीआरपी गुलाबी नौरंगे,नम्रता जोगी,कविता साइमन,निर्मला मसीह उपस्थित थे।



### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला समानता पर की चर्चा

भाटापार। महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्रीमती कमला राजेश साहू के नेतृत्व में 8 मार्च को साहू छात्रावास में सैकड़ों महिलाओं के साथ मिल जुल कर अतंर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया, जिसमें महिलाओं के अधिकार , समानता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के साथ साथ हर क्षेत्र में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव को रोकने के साथ उत्थान के लिए सबको जागरूक किया गया।कार्यक्रम में नगर साहू समाज भाटापारा टीम के तरफ से समाज के 60 वर्षीय और नव निर्वाचित महिला पार्षद प्रतिनिधि सभी पार्टी को श्री फल , मोमेंटो और एक एक बिछिया सभी को भेंट स्वरूप श्रीमती डॉली साहू के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री मति हिरमत साहू और श्रीमती सरस्वती साहू थी और अध्यक्षता श्रीमती कल्याणी साहू और विशेष अतिथि डॉ वीणा साहू ,श्रीमती शिलोचनी, श्रीमती राही साहू, श्रीमती सरस्वती लूकू साहू , श्रीमती बसत भाई, श्रीमती पार्वती बैशखिन साहू , श्रीमती जान कुंवर साहू, और पार्षद प्रतिनिधि श्री मति संध्या राजेश साहू, श्रीमती दीपा दशरथ साहू, श्रीमती लक्ष्मीन पीला राम साहू के साथ साथ नगर के सैकड़ों महिलाएं दिवस का आनंद लिए। पर्दे के पीछे नगर साहू समाज अध्यक्ष राजेश साहू, सचिव श्री मनीराम साहू, छात्रावास प्रभारी नभ नारायण साहू, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष पीताम्बर, कार्यकारी अध्यक्ष श्री लूकू राम साहू, अजय अमृतांशु साहू, कामता साहू, प्रेम साहू आदि सामाजिक बंधु सहयोग के रूप थे।

### स्वयंसेवकों ने रंगोली, पेंटिंग प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए

बगबुड़ा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतान(ख) बगबुडा में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पेंटिंग, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें 35 स्वयंसेवकों ने बहुत ही सुन्दरता से अपनी कला का प्रदर्शन किया। अपनी अपनी कला का प्रर्दशन किया। यह प्रतियोगिता संस्था के प्रभारी प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी चन्द्र कुमार बंछोर भूतपूर्व सैनिक के उपस्थिति में आयोजित किया गया। स्वयंसेवकों ने दतान,खैरा गांव में घर- घर जाकर अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व के बारे में बताया। बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ बेटी पढ़ेगी तभी परिवार, समाज,और देश का विकास होगा के तहत स्वयंसेवकों ने रैली, नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। स्वयंसेवकों ने सभी महिलाओं को शपथ दिलाई कि बेटी एवं बेटा में भेदभाव नहीं करेंगे। बेटी को भी बेटा कि तरह पढ़ायेंगे, परिवार में समाज में महिलाओं के साथ भेदभाव नहीं करेंगे। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर संस्था के शिक्षक अनुशवर यादव, चन्द्र प्रकाश निर्मलकर, ओंकार ध्रुव, उर्मिला नेताम, प्रेमेशवरी नेताम, कैलाश साहू, शशिभूषण गायकवाड़, स्वयंसेवक पूजा निषाद, अन्नु निषाद, खुशबू वैष्णव, पिंकी सोनवानी, धनेश्वरी साहू आदि ने भाग लिया। संस्था प्राचार्य ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों कि जितनी तारीफ कि जाये, उतनी कम है। स्वच्छता अभियान के साथ साथ जागरुकता रैली, अभियान हमेशा चलाते रहते हैं।



### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एड्स जागरूकता कार्यक्रम

खरोरा। शासकीय महाविद्यालय खरोरा में रेड रिबन क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं एड्स जागरूकता पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तनु सेन, सरस्वती बंजारे ने महिलाओं की स्थिति पर अपने विचार व्यक्त किए। तो अरीबा अली ने विश्व महिला दिवस की बधाई देते हुए एड्स बीमारी के कारण, लक्षण और निदान पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ शंपा चौबे ने मातृ शक्ति, नारी शक्ति को नमन करते हुए कहा कि अल्पायु में विवाह, अशिक्षा आदि के कारण पहले जीवन बहुत कठिन था। आज चीजें बदल गई हैं। सावित्री बाई फुले ने स्त्री शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया। जिसके कारण आज महिलाएं सशक्त हुई हैं। महान पुरुषों, नारियों रानी लक्ष्मी बाई आदि से प्रेरणा लेकर हमें जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय में निबंध, रंगोली, पोस्टर और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें निबंध में अरीबा अली प्रथम, तनु सेन द्वितीय और कामिनी यादव तृतीय, रंगोली में रेणुका कुंभकार प्रथम, नीलम द्वितीय और प्रियंका तृतीय, पोस्टर में सिमरन वर्मा प्रथम, तनु सेन द्वितीय और यामिनी देवांगन तृतीय तथा भाषण में अरीबा अली प्रथम, सरस्वती बंजारे द्वितीय, तनु सेन तृतीय स्थान प्राप्त की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं अनेक विद्यार्थी उपस्थित थे।



## अल्ट्राटेक हिरमी में महिला दिवस का आयोजन



**हिरमी रावन।** अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र, हिरमी में कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर निकटवर्ती ग्रामों की लगभग 280 महिलाओं ने सक्रिय रूप से सहभागिता निभाई।कार्यक्रम में महिलाओं ने महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किए और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वावलंबन का संदेश दिया। ग्राम सक्लोर, हिरमी, परसवानी और कुथरोड़ की महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सविता हेमन्त यादव (जनपद सदस्या, हिरमी), पुष्पा सुखनंदन चेलक (जनपद सदस्या, मोहरा) तथा ममता वेद प्रकाश वर्मा (सरपंच, ग्राम पंचायत सकलोर) उपस्थित रहीं।

■ शासकीय महाविद्यालय खरोरा में हुआ आयोजन

### कोमल है कमजोर नहीं

कार्यक्रम के दौरान उमाशंकर धीवर ने महिला उत्थान को समर्पित गीत प्रस्तुत कर महिलाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। संयंत्र प्रबंधन ने अपने संदेश में महिला सशक्तिकरण को समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता बताते हुए महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता पर जोर दिया। ग्राम हिरमी की महिलाओं ने 'कोमल है कमजोर नहीं' गीत पर मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को विशेष बना दिया। मंच संचालन ग्रामीण विकास के आशुतोष खरे ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन ग्रामीण विकास अधिकारी वैभव त्रिपाठी ने प्रस्तुत किया।इस आयोजन को सफल बनाने में ग्रामीण विकास टीम की श्रीमती तारिणी राजपूत, सविता वर्मा, उमाशंकर धीवर, प्रीतम पटेल, मनोज वर्मा, रामा साहू और हेमलाल साहू का विशेष योगदान रहा।

# 96 दिव्यांग व वृद्धजनों को मिले सहायक उपकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पवनी



सांसद जांजगीर चांपा कमलेश जांगड़े के पत्रचार और उनके सांसद निधि से सामुदायिक भवन बिलाईगढ़ में दिव्यांग और वृद्ध जनों को सहायक उपकरण वितरित किया गया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत भारतमाता और छत्तीसगढ़ महतारी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण विनय तिवारी ने समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की जानकारी दी और नशा मुक्ति तथा बाल विवाह मुक्त भारत के लिए एसडीएम वर्षा बंसल ने उपस्थित सभी लोगों को शपथ दिलाई। गणमान्य नागरिक संतोष सोनवानी, एसडीएम बिलाईगढ़ वर्षा बंसल, उप संचालक समाज कल्याण विनय तिवारी और सीईओ प्रतीक प्रधान के हाथों 96 दिव्यांग जनों को निःशुल्क सहायक उपकरण व कैलीपर्स एवं कृत्रिम अंग तथा वरिष्ठजनों को जीवन सहायक उपकरण प्रदाय किया गया। दिव्यांग देवेश पटेल, कविता पटेल और राजेंद्र बंजारे इन बैटरी से चलने वाले मोटराइज्ड ट्राई सायकल से अब अपने स्कूल कॉलेज सक्षम होकर जा सकेंगे। इसी प्रकार भजन गायक और दिव्यांग पंचराम साहू सहित अन्य सभी दिव्यांग अपने दैनिक आवागमन और लघु स्वरोजगार में मोटराइज्ड ट्राई सायकल का उपयोग कर सकेंगे। कार्यक्रम में सभी को नाश्ता पानी दिया गया। इस शिविर में डॉ रामभूषण तिवारी, जबलपुर से ऑडियोलॉजिस्ट नीरज मौर्य और पीएंडओ दीपक गुप्ता उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम जबलपुर द्वारा इन उपकरण को बनाया गया है जो आईएसआई मार्क है।

■ भारतमाता और छत्तीसगढ़ महतारी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर शुरू किया कार्यक्रम

### पिटियाझर में निकाली स्वच्छता जागरुकता रैली

महासमुंद। द न्यू होली फैथ स्कूल के छात्रों ने लोगों को स्वच्छता अपनाने, सूखे व गीले कचरों को अलग-अलग डस्टबिन में डालने का संदेश देते हुए स्वच्छता जागरुकता रैली ग्राम पिटियाझर में निकली। रैली संस्था के चेयरमैन महेंद्र जैन, प्राचार्या सरवरी पींचा के दिशा निर्देशन में यह रैली निकाली। चेयरमैन महेंद्र जैन ने बच्चों को बताए कि स्वच्छता मिशन का उद्देश्य है, शौचालयों की सफाई बहुत ही जरूरी है।

ठोस, तरल कचरों का पुनः प्रबंधन कर बेस्ट वस्तुओं का निर्माण, कार्बनिक खाद निर्मित करना आदि। प्राचार्या सरवरी पींचा ने कहा कि सर्वप्रथम हम स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहेंगे, तभी हम दूसरों को संदेश दे सकेंगे, इसीलिए अपने अध्ययन कक्ष, घर आदि जगहों को साफ सुथरा रखें। स्वच्छता प्रभारी जयेश जैन, जगदीश धीवर, वसुंधरा यदु ने बच्चों को ग्राम पिटियाझर, महासमुंद के महामाया मंदिर के परिसर की साफ-सफाई करवाए ।

रायपुर के सुपरस्पेशलिस्ट डॉक्टर भाटापारा में परामर्श हेतु उपलब्ध
12 मार्च, बुधवार, समय : सुबह 10 से 3 बजे तक
राना मेडिकल स्टोर, सरकारी अस्पताल के पास, भाटापारा
असाध्य रोग मिटाओ
होम्योपैथी दवा द्वारा बीमारी का जड़ से निदान
यदि आपको ऑपरेशन की सलाह दी गई है तो कृपया एक बार अवश्य मिलें
मूत्र एवं किडनी रोग ओपीडी
पेशाब नली में सिकुड़न (Urethral Stricture)
प्रोस्ट्रेट ग्रंथी का बढ़ना (BPH),
UTI बार बार इंफेक्शन Pus Cell बनना।
• अंडकोष में सूजन (Hydrocele), Varicocele) पथरी
• मूत्र मार्ग में जलन, दर्द, कमजोर, धार, बार-बार पेशाब जाने की इच्छा होना,
• रात्रि में पेशाब ज्यादा होना, पेशाब कपड़े में ही छूट जाना लिकेज होना।
• ऐसा लगता है पेशाब अधूरा है और करने की इच्छा होती है।
• पेनिस में दाने, छाले, खुजली, चमड़ी फटना यौन कमजोरी (इच्छा न होना) शुक्राणु की कमी Erectile Dysfunction)
• क्या आप पेशाब मार्ग में पाईप डालते है?
शुगर थॉयराइड एवं बीपी की विशेष चिकित्सा
गठियावात (अर्थराइटिस), नशो में दर्द (न्यूरोपैथी)
पाईल्स, भंगदर, फिशर, गुदा मार्ग में जलन, दर्द, (मवाद आना)
चर्म रोग : खूजली, फंगल इंफेक्शन, सफेद दाग
जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट
ECG (हार्ट की जांच) BMI (हड्डी की जांच) मोटापे की FREE जांच
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9406004581

स्वामी जी 93406-38884
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर , डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक: 21 मार्च 2025, 02 अप्रैल 2025, 11 अप्रैल 2025, 09 मई 2025, 23 मई 2025, 06 जून 2025, 10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 03 मई, 11 मई, 22 मई, 25 मई, 02 जून, 05 जून, 15 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411